सख्या-405/52-4-2027-4099/61/2023

प्रेषक,

अरविन्द कुमार गिरि,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

2. समस्त विभाध्यक्ष/निदेशक 04-08-2026

अल्पसंख्यक कल्याण अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक-03-08-2026

विषय- हज सत्र-2027 हेतु को-आर्डिनेटर (प्रशासन), हज अधिकारी (एच0ओ0) व हज सुपरिटेडेण्ट (एच0एस0) की तैनाती के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव/कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति, लखनऊ के पत्र संख्या- जी- II/340/एस0एच0सी0/लखनऊ/2026 दिनांक 29.07.2026 (प्रति संलग्न) का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा हज सत्र-2027 हेतु को-आर्डिनेटर (प्रशासन), हज अधिकारी (एच0ओ0) व हज सुपरिटेडेण्ट (एच0एस0) की सऊदी अरब में प्रतिनियुक्ति पर अप्रैल, 2027 से जुलाई, 2027 तक तैनाती किये जाने हेतु आनलाइन आवेदन अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की वेब-साईट deputation.huj.gov.in पर दिनांक 10.08.2026 तक मांगे गये हैं। जिसमें केन्द्र/राज्य सरकार के कार्मिको को संलग्न कार्यालय ज्ञाप में उल्लिखित अर्हताओं के अन्तर्गत आवेदन किया जाना है। अर्हताओं से संबंधित मुख्य बिन्दु निम्नवत हैं:-

| | |
|---|---|
| 1-को-आर्डिनेटर (प्रशासन) | अखिल भारतीय सेवा/संगठित केन्द्रिय सिविल सेवा ग्रुप ए श्रेणी का कार्मिक जिसका वेतन ग्रेड लेवल-12 व 13 हो। |
| 2- हज अधिकारी (एच0ओ0) | केन्द्र सरकार/राज्य सरकार का आर्म्ड पुलिस फोर्स/रेलवे प्रोटक्शन फोर्स/स्टेट पुलिस फोर्स का कार्मिक जिसका वेतन ग्रेड लेवल-08 से 11 हो। |
| 3- हज सुपरिटेडेण्ट (एच0एस0) | केन्द्र सरकार/राज्य सरकार का आर्म्ड पुलिस फोर्स/रेलवे प्रोटक्शन फोर्स/स्टेट पुलिस फोर्स व ग्रुप बी व सी के सिविलियन स्थायी कर्मचारी जिनमें सूचना पौद्योगिकी, फाइनेंस, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, संकट प्रबन्धन तथा इन्जिनियरिंग के विशेषज्ञ जिसका वेतन, जिसका वेतन ग्रेड लेवल- 04 से 07 हो। |

4-कर्मचारी जिनकी आयु दिनांक 28.07.2026 को 25 वर्ष से 45 वर्ष तक तथा शैक्षिक योग्यता स्नातक हो।

5-सऊदी अरब हेतु अस्थायी प्रतिनियुक्ति अप्रैल 2027 से जुलाई 2027 तक संबंधित होगी।

6-आनलाइन भरे आवेदन 15.08.2026 तक Under Secretary, Huj Division, Ministry of Minority Affairs, West Block-8 Wing-II First Floor, Sector-1, R.K. Puram, New Delhi-110066 तक पहुँचना अनिवार्य होगा।

7-अधिक जानकारी हेतु अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली/हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई व उ0प्र0 राज्य हज समिति की वेबसाई http://www.hajcommittee.up.gov.in देखे।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने नियन्त्रणाधीन अधीनस्थ कार्यरत इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा उपर्युक्त अंकित नियमों/शर्तों के अनुसार ऑनलाइन उपलब्ध आवेदन पूर्ण कर, आनलाइन भरे आवेदन 15.08.2026 तक अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय (हज डिविजन), भारत सरकार,को तथा शासन को समयान्तर्गत उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त

भवदीय,
Digitally signed by
ARVIND KUMAR GIRI
Date: 03-08-2026
(अरविन्द कुमार गिरि)
अनु सचिव।